**भारत सरकार**
**वित्त मंत्रालय**
**राजस्व विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1505**

(जिसका उत्तर सोमवार, 09 फरवरी, 2026/20 माघ, 1947 (शक) को दिया जाना है।)

**"चिकित्सा और शैक्षिक पुस्तकों को जीएसटी से छूट"**

1505. **श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत**:

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि चिकित्सा और शैक्षिक पुस्तकों पर लगाए गए जीएसटी से छात्रों और शिक्षार्थियों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ऐसी पुस्तकों को या तो जीएसटी से पूरी तरह छूट देने या उन्हें न्यूनतम जीएसटी स्लैब में रखने पर विचार कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है?

**उत्तर**
**वित्त राज्य मंत्री (पंकज चौधरी)**

**(क) और (ख):**

(i) जीएसटी दरें और छूटें जीएसटी परिषद की सिफारिशों के आधार पर निर्धारित की जाती हैं, जो राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और केंद्र के प्रतिनिधियों से मिलकर बना एक संवैधानिक निकाय है।
(ii) वर्तमान में, *मुद्रित पुस्तकें, जिनमें ब्रेल पुस्तकें भी शामिल हैं,* जीएसटी से मुक्त हैं।

**(ग) और (घ):**

(i) उपरोक्त भाग (क) और (ख) के उत्तर के आलोक में कोई कार्रवाई करना अपेक्षित नहीं है।

*****